Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

### आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 06 सितंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 338

## महत्वपूर्ण एवं खास

### जम्मू-कश्मीर के डोडा में दो सडक़ हादसों में 5 की मौत, 1 लापता

**जम्मू (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में सोमवार को दो सडक़ हादसों में 5 लोगों की मौत हो गई और 1 शख्स लापता हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि, पुल डोडा के पास एक निजी कार चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई और खाई में जा गिरी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, इस दुर्घटना में एक दंपति और एक मां और उसके बेटे सहित चार लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। वहीं, एक अन्य दुर्घटना में, पुल डोडा से भद्रवाह शहर के रास्ते में एक निजी कार मुगल बाजार पर्नू में एक खाई में गिर गई। सूत्रों ने कहा, इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। कार का चालक अभी भी लापता है।

### लड़की ने बात करने से मना किया, तो युवक ने उसका काट दिया गला

**मेरठ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने लडक़ी का सिर्फ इसलिए गला काट दिया, क्योंकि उसने उसे फोन नंबर देने से इनकार कर दिया। आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया गया है, जबकि पीड़िता को मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस रिपोर्ट्स के मुताबिक, आरोपी कसेरुखेड़ा निवासी आशीष परीक्षितगढ़ में रहने वाली निशा 25 वर्षीय युवती से फोन पर बात करना चाहता था, लेकिन उसने ऐसा करने से इनकार कर दिया और उसका नंबर भी ब्लॉक कर दिया। मेरठ के पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) केशव कुमार ने बताया कि युवती जब डिफेंस कॉलोनी में होम केयर के लिए काम पर जा रही थी तभी आशीष आया और धारदार हथियार से उसका गला काट दिया और मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल युवती को अस्पताल में भर्ती कराया गया। एसपी ने बताया कि मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### भरतपुर में भाजपा नेता कृपाल सिंह की गोली मारकर हत्या

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान के भरतपुर जिले में कुछ बदमाशों ने भाजपा नेता कृपाल सिंह जघीना की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, घटना रविवार देर रात की है। रात करीब 10.45 बजे भाजपा नेता जब अपनी कार से घर लौट रहे थे, उनकी कार को एक दर्जन से ज्यादा बाइक सवार बदमाशों ने घेर लिया और उन पर फायरिंग कर दी, जिससे उनकी उसी पल मौत हो गई। हमलावरों को पकडऩे के लिए पुलिस ने आसपास के सभी रास्तों पर नाकेबंदी कर दी है। स्थानीय सूत्रों ने हत्या की वजह पुरानी रंजिश बताई है, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। कृपाल सिंह के शव को आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है, जहां दोपहर बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस के अनुसार, जघीना पहले भाजपा किसान मोर्चा के जिला प्रवक्ता थे। वह इस समय रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में कार्यरत थे। सूचना मिलने पर कृपाल सिंह के दोस्त व परिजन मौके पर पहुंचे और आरबीएम अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। सांसद रंजीता कोली और भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. शैलेश सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार मीणा के अनुसार, मामले के सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश जारी है।

### ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में चार की मौत

**अररिया (आरएनएस)।** बिहार के अररिया जिले के रानीगंज-फारबिसगंज मार्ग पर रविवार की देर रात एक ट्रैक्टर और मोटर साइकिल के बीच हुई टक्कर में एक चार वर्षीय बच्चा सहित चार लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि सभी मृतक एक ही मोटर साइकिल पर सवार थे। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि फारबिसगंज पंचायत के रहने वाले राजेश ऋषिदेव अपने चार वर्षीय पुत्र मन्नू कुमार को लेकर रानीगंज जा रहे थे। इसी बीच, रास्ते में उनके बाइक पर दो और लोग सवार हो गए। विस्टोरिया पुल के समीप बाइक असंतुलित होकर जा रहे एक ट्रैक्टर से टकरा गई। बाइक पर सवार चारों लोग सडक़ पर गिर गए। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची रानीगंज पुलिस ने सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से रानीगंज अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सको ने सभी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, मृतको में फारबिसगंज प्रखंड के मिजार्पुर पंचायत के मुखिया के पति राजेश ऋषिदेव, उनका बेटा मन्नू कुमार, रंजीत ऋषिदेव और श्याम ऋषिदेव शामिल हैं।

## महानगर कोलकाता में सीबीआई के ताबड़तोड़ छापे : आशीष झुनझुनवाला व दीपांकर हीरा पर गिरी एजेंसी की गाज

**कोलकाता (आरएनएस)।** लगाता है कि पश्चिम बंगाल इन दिनों सीबीआई की रडार पर है। हर रोज सीबीआई से जुड़ी खबरें बंगाल में आ रही है। इसी क्रम में सीबीआई ने चिटफंड से लेकर धोखाधड़ी के मामलों में कई जगहों पर छापे मारे। चिटफंड मामले की जांच में आज सीबीआई ने बागुईआटी में एक कपड़ा व्यापारी के घर पर छापा मारा है। वहीं दक्षिण कोलकाता के रानीकुटी में एक व्यक्ति के घर सीबीआई की छापेमारी हुई। मिली जानकारी के अनुसार रानीकुटी स्थित आशीष झुनझुनवाला के आवास पर छापेमारी की गई।इस दौरान केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के सशस्त्र जवान मौजूद थें।रानीकुटी निवासी आशीष झुनझुनवाला पेशे से व्यवसायी हैं। आरोप है कि उन्होंने कई करोड़ की बैंक धोखाधड़ी की है। इसी सिलसिले में जांच के लिए सीबीआई की एक टीम सुबह करीब 6:54 बजे रानीकुटी के भगनानी देवी आवास पर पहुंची। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक चिटफंड मामले में एक दिन पहले ही सीबीआई के हाथों गिरफ्तार किए गए बीजपुर से तृणमूल के विधायक सुबोध अधिकारी के सहायक रविंदर सिंह से रातभर चली पूछताछ में आशीष झुनझुनवाला का नाम सामने आया है। सूत्रों के मुताबिक 2017 में झुनझुनवाला की एक फार्म के खिलाफ करोड़ों रुपये के लोन डिफॉल्ट की शिकायत आई थी। सीबीआई ने उस मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। संदेह है कि चिटफंड मामले में झुनझुनवाला ने अपने फार्म के जरिए रुपये के हेरफेर में मदद की है।जबकि बागुईआटी में एक कपड़ा व्यापारी के घर सुबह सीबीआई की पांच सदस्यीय टीम दीपांकर हीरा के जगतपुर स्थित आवास पर छापेमारी की है। दीपांकर के पांच मंजिला मकान में ही साड़ी का गोदाम है और कार्यालय कक्ष भी है। खबर के लिखे जाने तक सीबीआई की टीम पूरे घर की तलाशी ले रही थी। अभी तक जांच में क्या बरामद हुआ है। इसकी पुख्ता जानकारी नहीं मिली है।




सीबीआई ने रविवार को बीजपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल छह जगहों पर छापेमारी की थी। सुबह 8:45 बजे उन्होंने हालीशहर जेठिया में कमल अधिकारी के फ्लैट, हालीशहर में मंगलदीप, हालीशहर के जेठिया में सुबोध अधिकारी के पैतृक घर और जेठिया में अभिजीत सिकदर के घर पर छापा मारा था। सीबीआई ने रविंद्र सिंह को हालीशहर के चेयरमैन राजू साहनी के घर से लाखों रुपये की बरामदगी के बाद गिरफ्तार किया था। उसके बाद केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारियों ने बीजपुर के विधायक सुबोध अधिकारी के घर पर भी छापेमारी की, जो उनके करीबी हैं।

## आरएसएस के दिल्ली कार्यालय को मिला सीआईएसएफ का सुरक्षा कवर, हाईटेक हथियारों से लैस स्पेशल कमांडो तैनात

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्र सरकार ने दिल्ली के झंडेवालान में स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के कार्यालय को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की जेड प्लस सुरक्षा मुहैया कराई है। अत्याधुनिक हथियारों से लैस सीआईएसएफ कमांडो को इमारत के परिसर में तैनात किया गया है।

आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय खुफिया एजेंसियों (आईबी) द्वारा दी गई सूचना के आधार पर आरएसएस कार्यालय को सीआईएसएफ सुरक्षा मुहैया कराने की मंजूरी दी है।

सूत्रों ने कहा कि जेड प्लस सुरक्षा कवर के मानदंडों के अनुसार, मध्य दिल्ली के झंडेवालान स्थित मुख्य केशव कुंज कार्यालय और उदासीन आश्रम के पास स्थित इसके कैंप कार्यालय को एक सितंबर से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है। यहां विशेष रूप से प्रशिक्षित सीआईएसएफ कर्मियों को तैनात किया गया है।

सीआईएफएफ के जवान दोनों भवन परिसरों में प्रवेश और निकास को नियंत्रित करेंगे तथा परिसर की सुरक्षा के लिए गार्ड अन्य बिंदुओं पर तैनात किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पहले से ही सीआईएसएफ की वीआईपी सुरक्षा इकाई की जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा में हैं। इतना ही नहीं, सीआईएसएफ द्वारा संगठन के नागपुर कार्यालय को भी सुरक्षा मुहैया कराई जाती है।

मानदंडों के अनुसार, गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा संभावित आतंकवादी और तोडफ़ोड़ के खतरों के खिलाफ केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों द्वारा तैयार की गई खतरे की आकलन रिपोर्ट की समीक्षा के बाद किसी भी व्यक्ति या संस्थान को केंद्रीय सुरक्षा कवर मिलता है।

## शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री ने छात्रहित में लिए तीन बड़े फैसले

- सप्ताह में एक दिन स्कूलों में छत्तीसगढ़ी बोली को रहेगा समर्पित
- स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में संस्कृत विषय की भी होगी पढ़ाई
- स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों मे अनिवार्य रूप से कंप्यूटर शिक्षा को दिया जाएगा बढ़ावा

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिक्षक दिवस पर छत्तीसगढ़ के छात्र छात्राओं के हित में बड़े फैसले लिए हैं। राज्य में छत्तीसगढ़ी भाषा को बढ़ावा देने के लिए सभी स्कूलों में अब सप्ताह में एक दिन छत्तीसगढ़ी और आदिवासी बोली की शिक्षा दी जाएगी। इसके लिए शैक्षणिक सामग्री भी तैयार की जा रही है। बस्तर एवं सरगुजा क्षेत्रों में वहां की स्थानीय आदिवासी बोलियों के अनुसार एवं शेष क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ी भाषा में पाठ्य सामग्री तैयार की जा रही है। सप्ताह में एक दिन छत्तीसगढ़ी भाषा में पढ़ाई से स्थानीय भाषा को बढ़ावा मिलेगा और छात्रों में पढ़ाई के प्रति लगाव उत्पन्न होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक और बड़ी घोषणा करते हुए कहा है कि भारत की संस्कृति एवं परंपरा को बढ़ावा देने के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में संस्कृत विषय की भी पढ़ाई होगी। इसके साथ ही स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में कंप्यूटर शिक्षा को भी मुख्यमंत्री ने अनिवार्य करने की बात कही है। मुख्यमंत्री बघेल ने महात्मा गांधी का जिक्र करते हुए कहा है कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो बालक का शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास करे और इसी को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नवाचार को अपना रही है।

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश में बालवाड़ी योजना का किया शुभारंभ

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नई शिक्षा नीति के अनुसार खेल खेल में बच्चों के सीखने और समझने की क्षमता को विकसित करने के लिए अपने निवास कार्यालय में आज 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश में बालवाड़ी योजना का शुभारंभ किया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बालवाड़ी योजना पांच से छ: वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए शुरू की गई है। 'जाबो बालवाड़ी बढ़ाबो शिक्षा के गाड़ी' की थीम के साथ मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम की मौजूदगी में इस योजना की शुरूआत की है। बालवाड़ी योजना के माध्यम से बच्चे सीखने के लिए प्रोत्साहित होंगे और उन्हें स्कूल के माहौल के लिए तैयार किया जा सकेगा। बच्चों के लिए हर बालवाड़ी में आंगनबाड़ी सहायिका के अतिरिक्त संबद्ध प्राथमिक शाला के एक सहायक शिक्षक की भी तैनाती की जाएगी और इसके लिए सहायक शिक्षक को हर माह 500 रुपए का अतिरिक्त मानदेय भी प्रदान किया जाएगा।

बच्चों को खेल-खेल में एवं रोचक तरीके से अध्यापन कार्य कराने के लिए आंगनबाड़ी सहायिका एवं शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। प्रत्येक बालवाड़ी के लिए बच्चों के अनुकूल फर्नीचर, खेल सामग्री एवं प्रिंटरीच रंग-रोगन के लिए 01 लाख रुपए की स्वीकृति भी प्रदान की गई है। इस वर्ष 5173 बालवाडिय़ां प्रारंभ की गई हैं और आने वाले वर्षों में राज्य के सभी क्षेत्रों में चरणबद्ध रूप से बालवाडिय़ां खोली जाएंगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि वैज्ञानिकों ने अपने अनुसंधान में पाया है कि मनुष्य के मस्तिष्क का 85 प्रतिशत विकास बाल्य अवस्था में ही हो जाता है। एक बच्चा अपने प्रारंभिक वर्षों में जो सीखता है, वही चीजें स्कूल में और आगे जीवन में उसकी मदद करती हैं। शिक्षण की शुरुआत तभी हो जानी चाहिए, जब बच्चों का मस्तिष्क तैयार हो रहा हो।

योजना के शुभारंभ के अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह टेकाम ने कहा कि बालवाड़ी योजना का उद्देश्य बच्चों के मानसिक,सामाजिक,मनोवैज्ञानिक एवं संज्ञानात्मक विकास करने एक लिए एक शिक्षण-सेतु के तौर पर कार्य करेगी ताकि 05 से 06 वर्ष की उम्र में जब बच्चे पहली कक्षा में जाएं तो वह उसके लिए पूरी तरह तैयार हो चुके हों।

स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आलोक शुक्ला ने योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा है कि इस वर्ष 5173 बालवाडिय़ां प्रारंभ की गई हैं और आने वाले वर्षों में राज्य के सभी क्षेत्रों में चरणबद्ध रूप से बालवाडिय़ां खोली जाएंगी।

इस अवसर पर कृषि, जल संसाधन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविंद्र चौबे, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा , प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ आलोक शुक्ला, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह,सचिव स्कूल शिक्षा डॉ एस भारती दासन, विशेष सचिव कृषि डॉ.अयाज़ तंबोली,समग्र शिक्षा प्रबंध संचालक नरेन्द्र दुग्गा एवम् अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## लखनऊ के होटल में आग लगने से चार की मौत

- घायलों का हालचाल लेने योगी पहुंचे अस्पताल



**लखनऊ (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार को होटल लेवाना में भीषण आग लग गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई है। पीड़ितों का हालचाल लेने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिविल अस्पताल खुद पहुंचे। लखनऊ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी मनोज अग्रवाल ने बताया कि होटल हादसे में अब तक चार लोगों की मौत हो गई है। 13 लोग अभी अस्पताल में भर्ती है। सभी का इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा कि घायलों के लिए 13 एम्बुलेंस लगा दी गई हैं।

सीएम योगी रेस्क्यू ऑपरेशन पर पल-पल की नजर रखे हुए हैं। घायलों का हाल जानने वह खुद सिविल अस्पताल पहुंचे हैं। उन्होंने अधिकारियों से होटल में ठीक ढंग से सर्च ऑपरेशन कर एक-एक व्यक्ति की सुरक्षा और घायलों का अच्छा इलाज सुनिश्चति करने का निर्देश दिया है। इस बीच केंद्रीय रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने भी स्थानीय प्रशासन से फोन पर घटना के बारे में जानकारी ली है। उन्होंने घटना पर दुख जताया है।

राजनाथ सिंह ने ट्वीट कर कहा कि लखनऊ के एक होटल में आग लगने की दुखद घटना की मुझे जानकारी प्राप्त हुई। स्थानीय प्रशासन से मैंने स्थिति की जानकारी ली है। उन्होंने कहा कि राहत और बचाव कार्य जारी है। मेरा कार्यालय लगातार स्थानीय प्रशासन के सम्पर्क में है। मैं घटना में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना करता हूं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के होटल लेवाना में लगी आग का संज्ञान लिया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि दुर्घटना में घायल लोगों का समुचित उपचार कराया जाये। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही जिलाधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर तत्काल पहुंचने और राहत बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंडलायुक्त और पुलिस कमिश्नर की संयुक्त कमेटी को जांच का आदेश दिया है। प्रदेश के उपमुख्मंत्री ब्रजेश पाठक भी घायलों का हालचाल लेने सिविल अस्पताल पहुंचे और कहा कि मामले की जांच की जाएगी और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

आग पर काबू पाने के लिए बुलडोजर से दीवार तोड़ी गई। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बताया कि होटल में कुल 30 कमरे हैं, इनमें से 18 कमरों में लोग थे। 30 से 35 लोग कमरों में मौजूद थे। पहली मंजिल पर बैंक्वट हॉल है। यहां कई लोग थे। कई लोग सुबह होटल से निकल गए थे।

होटल लेवाना में हुए अग्निकांड में सरकार और शासन के निर्देश पर मंडलआयुक्त रोशन जैकब और पुलिस कमिश्नर एस बी एस बी शिरडकर के नेतृत्व में जांच कमेटी बनाई गई जो घटना की जांच करेगी।

## बाघ के जबड़े से अपने जिगर के टुकड़े को खींच लाई माँ, 25 मिनट तक चली लड़ाई

**उमरिया (आरएनएस)।** उमरिया जिले से हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक मां अपने डेढ़ साल के बच्चे को मौत के मुँह से निकाल लाई। अपने जिगर के टुकड़े के लिए माँ बाघ से भिड़ गई। बाघ ने महिला को करीब-करीब दबोच ही लिया था, लेकिन उसने हार नहीं मानी। माँ बच्चे के लिए बाघ से करीब 25 मिनट तक लड़ती रही। आखिरकार उसने मौत के मुंह से बच्चे को निकाल लिया। बाघ के नाखून शरीर में घुसने से महिला की हालत गंभीर है। उमरिया स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जबलपुर भेज दिया गया। घटना बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के रोहनिया गांव की है। बताया जाता है कि अर्चना चौधरी सुबह अपने बेटे राजवीर के साथ किसी काम से बाहर निकली थी। इस बीच एक बाघ झाडिय़ों में छिपा बैठा था। वह लकड़ी-कांटे की फेंसिंग को फांदकर अंदर आ गया और राजवीर को पकड़ लिया। ये देख अर्चना ने होश नहीं खोया, बल्कि उसने पूरी हिम्मत से बाघ का सामना किया। बाघ ने उसे भी दबोच लिया और अपने नाखून उसके शरीर में घुसा दिए, लेकिन महिला लगातार चीखती रही और गांववालों को आवाज देती रही। बाघ से उसका संघर्ष करीब 25 मिनट तक चला। वहीँ, जब गांववालों को आवाजें सुनी तो सभी लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंचे। इसके बाद बाघ मां-बेटे को छोडक़र जंगल में भाग गया। उसके जाने के बाद लोगों ने दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

## मुख्यमंत्री ने राजधानी में बनने वाले उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान का किया वर्चुअल शिलान्यास

- नवा रायपुर में खुलेगा विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान
- 20 एकड़ के परिसर में बनेगा भव्य आवासीय शिक्षण संस्थान
- कक्षा 6वीं से 12वीं तक के 700 छात्र-छात्राओं के लिए किया जाएगा विकसित



**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने आज अपने निवास कार्यालय से राजधानी में विश्व स्तरीय सुविधाओं से युक्त बनने वाले उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान का वर्चुअल शिलान्यास किया है। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग को नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा 20 एकड़ भूमि नवा रायपुर के सेक्टर-32 में नि:शुल्क आवंटित की गई है। विश्व स्तरीय स्तरीय शिक्षण संस्थान की स्थापना छत्तीसगढ़ उत्कृष्ट विद्यालय सोसायटी के संचालन में किया जाएगा। उत्कृष्ट विद्यालय सोसायटी के अध्यक्ष मुख्यमंत्री तथा स्कूल शिक्षा मंत्री इसके उपाध्यक्ष होंगे। सोसायटी में सदस्य सचिव एवं अन्य सात सदस्य नियुक्त किये गये हैं।

विश्व स्तरीय आवासीय शिक्षण संस्थान को कक्षा 6वीं से 12वीं तक कुल 700 छात्र-छात्राओं हेतु विकसित किया जाएगा। परिसर का निर्माण विकास दो चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण में कुल 200 छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षणिक आवासीय परिसर में एकेडमिक बिल्डिंग एवं लेबोरेट्री, एडमिन बिल्डिंग , डाइनिंग हॉल, हॉस्टल, इन डोर स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, स्वीमिंग पुल , हॉर्स रायडिंग , प्लेग्राउंड, प्रिंसिपल एवं वाईस प्रिंसिपल बंगला का विकास विकास किया जाएगा। दूसरे चरण में ऑडिटोरियम, स्कूल की पूर्ण क्षमता अनुसार छात्र एवं छात्राओं हेतु हॉस्टल तथा स्टॉफ क्वार्टर्स का विकास किया जाएगा। उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान परिसर परियोजना के प्रथम चरण निर्माण हेतु सोसायटी द्वारा 49.52 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान के निर्माण कार्य की अवधि 12 माह रखी गई है।

छत्तीसगढ़ उत्कृष्ट विद्यालय सोसायटी के द्वारा नवा रायपुर में स्थापित किए जा रहे महत्वकांक्षी परियोजना उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान से छत्तीसगढ़ के छात्र छात्राओं को विश्व स्तरीय शैक्षणिक सुविधाएं मिलेंगी । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ में शिक्षा को नया स्वरूप प्रदान करने एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ शिक्षा के क्षेत्र में अलग पहचान स्थापित करे इसके लिए भी मुख्यमंत्री के निर्देश पर लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, कृषि, जल संसाधन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री रविंद्र चौबे , मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा , प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा डॉ आलोक शुक्ला, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. कमलप्रीत सिंह,सचिव स्कूल शिक्षा डॉ एस भारती दासन, विशेष सचिव कृषि डॉ.अयाज़ तंबोली, समग्र शिक्षा प्रबंध संचालक नरेन्द्र दुग्गा, एनआरडीए की सीईओ किरण कौशल एवम् अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।